
# सरगम

## हिंदी की अभ्यास पुस्तिका

## भाग 4



सदन कुमार सिन्हा

सृजन पब्लिशर्स प्रा० लि०

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभिमान देश का | 3 |
| 2. | जो बोले वह खाए दो | 4 |
| 3. | संगति का फल | 6 |
| 4. | तिवारी का तोता | 8 |
| 5. | सरपट दौड़ी मेरी गाड़ी | 10 |
| 6. | जादू है जी जादू है | 11 |
| 7. | ईदगाह | 13 |
| 8. | राजा की होली | 16 |
| 9. | पिता का पत्र | 18 |
| 10. | दादी की भाषा | 21 |
| 11. | चंद्रशेखर आज़ाद | 22 |
| 12. | कदंब का पेड़ | 24 |
| 13. | काबुलीवाला | 25 |
| 14. | भेड़ाघाट | 28 |
| 15. | मेरी शिक्षा | 30 |
| 16. | कबीर के दोहे | 31 |
| 17. | मौसी | 33 |
| 18. | मियाँ गुमसुम और बत्तोरानी | 34 |
| 19. | जल ही जीवन है | 36 |
| 20. | झाँकी हिंदुस्तान की | 39 |
| | **अपठित बोध** | 40 |

# 1. अभिमान देश का

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

जग के जीवन में विकास में,
जग के नयनों में प्रकाश में,
लगा हुआ है आदिकाल से,
ज्ञान–किरण का बाण देश का,
हमको है अभिमान देश का।

1. 'ज्ञान–किरण का बाण देश का' – इसका क्या अर्थ है?

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो –
   (क) जीवन ____________ (ख) प्रकाश ____________

3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –
   (क) अभिमान
   (ख) देश

## II. इस कविता का मूल भाव लिखो –

# 2. जो बोले वह खाए दो

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

चाचा–भतीजे ने चूरमा तैयार किया। चूरमे के लड्डू बनाए। पाँच लड्डू बने। अब चाचा–भतीजा, दोनों सोचने लगे कि इन्हें बराबर–बराबर बाँटा कैसे जाए? आखिर चाचा–भतीजे ने तय किया कि हम गूँगे बनकर लेट जाएँ। जो पहले बोले, वह दो खाए और जो न बोले, वह तीन खाए।

1. चाचा–भतीजे ने लड्डू बनाने के लिए क्या तैयार किया?

______________________

2. पहले बोलने वाले को कितने लड्डू मिलने थे?

______________________

3. समझो और लिखो –

(क) पाँच ___पाँचवाँ___ (ख) तीन ______

(ग) दो ______ (घ) एक ______

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) तैयार ______________________

(ख) गूँगा ______________________

(ग) बाँटना ______________________

(घ) लेटना ______________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

गाँव के लोग इकट्ठे हो गए और अर्थी तैयार करने लगे। चाचा–भतीजा, दोनों को कसकर बाँध दिया गया, पर दोनों में से एक भी नहीं बोला। दोनों ऐसे दम साधे रहे मानो सचमुच के मुर्दे ही हों। आठ लोग उनको श्मशान की ओर ले चले। श्मशान में चिता बनाई गई और दोनों को चिता पर रखा गया। उसके बाद चिता में आग लगाई गई। आठ लोगों में से तीन लोग नदी में स्नान करने चले गए जबकि पाँच लोग चिता के समीप ही खड़े रहे।

1. गाँव के लोग किसकी अर्थी तैयार करने लगे?

_______________

2. अर्थी को लेकर श्मशान की ओर कितने लोग चले?

_______________

3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के शब्द–भेद लिखो –

(क) आठ लोग <u>उनको</u> श्मशान की ओर ले चले। _______________

(ख) <u>पाँच</u> लोग चिता के पास खड़े रहे। _______________

(ग) श्मशान में <u>चिता</u> बनाई गई। _______________

(घ) दोनों में से एक भी नहीं <u>बोला</u>। _______________

4. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो –

(क) चिता _______________ (ख) बात _______________

(ग) आँख _______________ (घ) भतीजा _______________

(ङ) नदी _______________ (च) अर्थी _______________

## III. क्या भूत-प्रेत होते हैं? अपने विचार लिखो।

_______________

_______________

_______________

_______________

_______________

# 3. संगति का फल

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

आश्रमवासियों को शीलभद्र की उद्दंडता से कई बार परेशानी होती थी। वे ऋषि महाराज से शिकायत करते और ऋषि महाराज शीलभद्र को समझाने की चेष्टा करते। पर शीलभद्र था कि मानता ही न था। ऋषि उसे आश्रम से बाहर निकाल सकते थे पर वे ऐसा करना नहीं चाहते थे। वे उचित अवसर की तलाश में थे ताकि शीलभद्र को सही मार्ग पर लाया जा सके।

1. आश्रमवासी ऋषि महाराज से किसकी शिकायत किया करते थे?

2. ऋषि महाराज शीलभद्र को आश्रम से क्यों नहीं निकाल रहे थे?

3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) चेष्टा

(ख) अवसर

(ग) आश्रम

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो –

(क) मार्ग

(ख) चेष्टा

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

ऋषि महाराज ने सोचा कि शीलभद्र को शिक्षा देने का यही उचित अवसर है। उन्होंने उससे पूछा, "वत्स! तुमने इतना अद्भुत शंख पाया पर उसे पानी में क्यों फेंक दिया?"

1. ऋषि महाराज ने क्या सोचा?

2. ऋषि महाराज ने शंख के बारे में शीलभद्र से क्या पूछा?

3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) शिक्षा

(ख) अद्भुत

4. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो –

(क) पानी

(ख) वत्स

## III. 'आदर्श विद्यार्थी' – इस विषय पर लगभग तीस शब्दों का अनुच्छेद लिखो।

# 4. तिवारी का तोता

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

काशी की पवित्र नगरी में एक पंडित तिवारी रहते थे। उनके पास एक तोता था। यह तोता तिवारी जी के पिंजरे में रहता था, तिवारी का दिया हुआ दाना खाता था और उनके घरवालों से तिवारी जी की ज़ुबान में बातें करता था।

एक दिन एक जंगली तोता आकर उसके पिंजरे के सामने बैठ गया और बोला, "क्यों भाई पंछी, तू कौन है जिसकी सूरत मुझसे मिलती है और जिसे किसी ने यहाँ कैद कर रखा है?"

1. काशी किस प्रकार की नगरी है?

______________________________

______________________________

2. जंगली तोता किसके पास आया?

______________________________

______________________________

3. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो –

(क) सूरत ____________ (ख) तोता ____________

(ग) पंछी ____________ (घ) दिन ____________

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) पवित्र ______________________________

______________________________

(ख) दिन ______________________________

______________________________

(ग) पिंजरा ______________________________

______________________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

पंडित तिवारी के बेटे ने लोहे की एक सींक लेकर पिंजरे में डाली और वह सींक तोते की गर्दन में चुभोकर कहा, "बोलता है या नहीं?"

तोते ने जवाब नहीं दिया और गर्दन पर घाव खाकर वह एक तरफ़ हट गया। पंडित तिवारी के बेटे ने उसे फिर सींक चुभोई और कहा, "बोलता है या नहीं?"

इस बार तोता छाती पर घाव खाकर दूसरी तरफ़ हट गया। पंडित तिवारी के बेटे ने तोते को बार-बार सींक चुभोई। तोते ने हर बार जवाब देने से इनकार किया, और अपने शरीर पर घाव खाता रहा।

1. तिवारी जी के बेटे ने लोहे की सींक लेकर क्या किया?

______________________________

______________________________

2. तिवारी जी के बेटे द्वारा बार-बार सींक चुभोने पर भी तोते ने क्या किया?

______________________________

______________________________

______________________________

3. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो –

(क) शरीर ____________ (ख) बेटा ____________

(ग) जवाब ____________ (घ) घाव ____________

## III. 'आज़ादी का महत्व' – इस विषय पर अपने विचार लिखो।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 5. सरपट दौड़ी मेरी गाड़ी

**I.** इस पाठ का सारांश लिखो।

**II.** 'एक बार मैं शहर घूमने गया . . .' – इसके आगे की पंक्तियाँ अपने मन से बनाकर लिखो।

# 6. जादू है जी जादू है

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

तारे कौन उगाता है,
धरती कौन सजाता है,
बादल कौन बनाता है,
कोई नहीं बताता है।
जादू है जी जादू है!

1. इन पंक्तियों में क्या–क्या प्रश्न पूछे गए हैं?

2. इन पंक्तियों में किस जादू के बारे में बताया गया है?

3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) तारा

(ख) धरती

(ग) बताना

(घ) बनाना

## II. नीचे दी गई पंक्तियों में रिक्त स्थानों की पूर्ति संकेत के आधार पर करो –

### गेहूँ की खेती

एक ________________ था। उसने अपने ________________ में गेहूँ के कुछ बीज बोए। कुछ दिनों के बाद उन ________________ से नन्हे–नन्हे ________________ निकले। किसान ने उन पौधों को ________________ से सींचा। ________________ ने पौधों को धूप से नहलाया। ________________ ने भी पौधों को हल्की–हल्की थपकी दी। नन्हे पौधों को और क्या चाहिए – पानी, हवा और ________________ बस! पौधे बड़े होकर लहलहाने लगे और उनमें ________________ निकलने लगीं। धीरे–धीरे किसान के खेत में ________________ तैयार हो गई।

जब फ़सल पक गई तब किसान ने गेहूँ की पकी बालियाँ काट लीं और उनके ________________ बना लिए। वह उन गट्ठरों को अपने ________________ में ले आया। वहाँ उसने बालियों में से दाने अलग किए और उन्हें ________________ में भर लिए। इस प्रकार, किसान ने गेहूँ के एक–एक ________________ से ढेरों दाने उगाए।

है न मज़ेदार कहानी ________________ की ________________ की!

**संकेत**

किसान पौधे गेहूँ खेत बीजों हवा पानी धूप सूरज
दाने बालियाँ फ़सल बोरियों खेती खलिहान गट्ठर

# 7. ईदगाह

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

गाँव से मेला चला। सब बच्चों के साथ हामिद भी जा रहा है। कभी सब के सब दौड़कर आगे निकल जाते। फिर किसी पेड़ के नीचे खड़े होकर साथवालों का इंतज़ार करते। हामिद के पैरों में तो जैसे पर लग गए हैं। भला वह कभी थक सकता है!

सहसा ईदगाह नज़र आया। रोज़ेदारों की पंक्तियाँ एक के पीछे एक न जाने कहाँ तक चली गई हैं। यहाँ कोई धन और पद नहीं देखता। हज़ारों सिर एक साथ सजदे में झुक जाते हैं, फिर सबके सब एक साथ खड़े हो जाते हैं।

1. हामिद कहाँ और किनके साथ जा रहा है?

2. ईदगाह के पास हामिद ने क्या देखा?

3. रोज़ेदार क्या कर रहे हैं?

4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग लिखो –

(क) मेला ______ (ख) पंक्ति ______

(ग) पद ______ (घ) पेड़ ______

5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) मेला ______

(ख) धन

(ग) इंतज़ार

(घ) थकना

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

मिठाइयों के बाद लोहे की चीज़ों की दुकानें आती हैं। हामिद लोहे की दुकान पर रुक जाता है। कई चिमटे रखे हुए हैं। हामिद को ध्यान आता है कि दादी के पास चिमटा नहीं है। तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाता है। अगर वह चिमटा ले जाकर दादी को दे दे तो वे कितनी प्रसन्न होंगी! फिर उनकी उँगलियाँ कभी न जलेंगी। हामिद ने दुकानदार से पूछा, "यह चिमटा कितने का है?"

1. हामिद कहाँ रुक जाता है?

2. हामिद ने दुकानदार से क्या पूछा?

3. निम्नलिखित शब्दों के एकवचन रूप लिखो –

   (क) मिठाइयाँ (ख) रोटियाँ

   (ग) उँगलियाँ (घ) दुकानें

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

   (क) ध्यान

(ख) दुकानदार

(ग) रोटी

(घ) प्रसन्न

**III. निम्नलिखित वाक्यों में व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों को रेखांकित करो –**

1. अमीना कोठरी में बैठी रो रही है।
2. आज हामिद सबसे ज़्यादा प्रसन्न है।
3. मोहसिन को भिश्ती पसंद आया है।
4. शम्मी चरखी का मज़ा ले रही थी।

**IV. 'जब मैं मेला घूमने गया . . .' – इसके आगे की कुछ पंक्तियाँ जोड़कर लिखो।**

# 8. राजा की होली

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

कुछ क्षण बाद राजा महल से बाहर निकले। साथ में दरबारी, सेवक और अंगरक्षक भी थे। राजा का रथ नगर के प्रमुख मार्ग से होकर गुज़रने लगा। नगर के लोग होली का उत्सव मना रहे थे। रंगों की बौछार हो रही थी। प्रजा का उमंग देखकर सुजान सिंह से रहा न गया। वे रथ से उतरकर अकेले ही आगे बढ़े। उन्हें आते देखकर रंग खेलते लोग सहम गए।

1. राजा के साथ कौन-कौन थे?

2. राजा का रथ किधर से गुज़रने लगा?

3. प्रजा का उमंग देखकर राजा ने क्या किया?

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) सेवक

(ख) प्रमुख

(ग) उमंग

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

लोगों ने राजा सुजान सिंह को मंत्रियों के अत्याचार और लूट-खसोट का सारा किस्सा सुना दिया। सुनकर सुजान सिंह गंभीर हो गए। फिर बोले, "आपलोगों का कष्ट दूर होगा। अच्छा हुआ, आपलोगों ने मेरी आँखें खोल दीं।"
इसके बाद राजा का रथ राजगुरु की हवेली पर पहुँचा। वहाँ राजगुरु द्वार पर खड़े मुस्करा रहे थे। वह बोले, "आइए महाराज, आपका स्वागत है!"

1. लोगों ने सुजान सिंह को किसके अत्याचार के बारे में बताया?

______________________________

2. सुजान सिंह ने लोगों को क्या भरोसा दिया?

______________________________

______________________________

3. राजा का रथ कहाँ पहुँचा?

______________________________

## III. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाचक संज्ञा शब्दों को रेखांकित करो –

1. राजा को मंत्री की धूर्तता का पता नहीं था।
2. राजगुरु ने बीमारी का बहाना बनाया।
3. राजा ने मंत्री की गिरफ़्तारी का आदेश दिया।
4. प्रजा ने अपनी बातों को प्रमुखता से बताया।

## IV. किसी-किसी दिन स्कूल नहीं जाने के लिए कई बच्चे बहाना बनाते हैं? क्या उन्हें ऐसा करना चाहिए? अपने विचार लिखो।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 9. पिता का पत्र

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

एक महान उद्देश्य हमारे सामने है और हमलोगों को इसकी पूर्ति के लिए बहुत कुछ करना है। अब सोचना यह है कि महान आंदोलन के प्रति हमारा कर्तव्य क्या है। इस समय प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान देना चाहिए। लेकिन किसी भी योजना से पहले हमें अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य कर लेना होगा कि उससे हमारे देश को कोई हानि न पहुँचे।

1. लेखक के अनुसार हमें क्या सोचना है?

______________________________

______________________________

2. प्रत्येक नागरिक को किस कार्य में योगदान देना चाहिए?

______________________________

______________________________

3. किसी भी योजना के पहले हमें क्या सोच लेना चाहिए?

______________________________

______________________________

______________________________

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के शब्द-भेद बताओ –

(क) हमारे सामने एक <u>महान</u> उद्देश्य है। ____________

(ख) <u>हमें</u> देश के लिए कुछ करना चाहिए। ____________

(ग) हम <u>देश</u> को हानि नहीं पहुँचाएँगे। ____________

(घ) हम राष्ट्रहित में कार्य <u>करेंगे</u>। ____________

(ङ) देश की सेवा करना <u>प्रत्येक</u> नागरिक का कर्तव्य है। ____________

5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) कार्य

(ख) देश

(ग) हानि

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

कई बार हमलोग संदेह में पड़ जाते हैं कि हम क्या करें, क्या न करें! जब भी तुम्हें कोई ऐसा संदेह हो कि सही क्या है, यह जानने के लिए मैं तुम्हें एक उपाय बताता हूँ। तुम ऐसा कोई भी कार्य न करना जिसे छिपाने की इच्छा तुम्हारे मन में उठे। किसी बात को छिपाने की इच्छा किसी व्यक्ति के मन में तभी होती है जब वह कोई गलत काम करता है।

1. कई बार लोग किस संदेह में पड़ जाते हैं?

2. क्या सही है या क्या गलत है, यह जानने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

3. किसी बात को छिपाने की इच्छा हमारे मन में कब होती है?

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो –

(क) सही ____________ (ख) इच्छा ____________

**III. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बताओ –**

1. भारतवर्ष में अनेक वीरांगनाएँ पैदा हुई हैं। __________
2. मैं चाहता हूँ कि तुम बहादुर सिपाही बनो। __________
3. गलत कार्यों को हमारा मन स्वीकार नहीं करता है। __________
4. जन्मदिन पर तुम्हें कई उपहार मिले होंगे। __________
5. हमारा देश विश्व में सबसे महान है। __________

**IV. अपने पिता जी को पत्र लिखकर बताओ कि तुम देश के लिए क्या-क्या करना चाहते हो।**

# 10. दादी की भाषा

## I. इस कविता का अर्थ अपने शब्दों में लिखो।

## II. इस कविता पर आधारित पाँच प्रश्न बनाओ।

प्रश्न 1

प्रश्न 2

प्रश्न 3

प्रश्न 4

प्रश्न 5

# 11. चंद्रशेखर आज़ाद

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

काशी के ज़िला मजिस्ट्रेट की अदालत में बड़ी भीड़ थी। एक सोलह वर्षीय बालक कटघरे में खड़ा था। उसके चेहरे पर निर्भीकता का भाव झलक रहा था। मजिस्ट्रेट ने बालक से पूछा, "तुम्हारा नाम क्या है?"

बालक ने गर्व से उत्तर दिया, "आज़ाद!"

मजिस्ट्रेट ने पूछा, "तुम्हारा घर कहाँ है?"

बालक ने उत्तर दिया, "जेलखाना!"

मजिस्ट्रेट ने फिर पूछा, "तुम क्या काम करते हो?"

बालक ने कहा, "भारत माँ को स्वाधीन कराने की साधना!"

1. भीड़ कहाँ जमा हुई थी?

2. बालक ने अपने घर और काम के बारे में क्या बतलाया?

3. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखो –

(क) निर्भीकता

(ख) वर्षीय

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) उत्तर

(ख) चेहरा

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

प्रयाग में एक दिन जब वे 'अल्फ्रेड पार्क' में बैठे हुए थे, तभी एक विश्वासघाती के सूचना देने पर पुलिस ने उन्हें घेर लिया। पुलिस के घेरे से बच निकलने का कोई उपाय न देखकर वे एक विशाल वृक्ष की आड़ में खड़े होकर अपने रिवाल्वर से गोलियाँ चलाने लगे। यह लड़ाई लगभग एक घंटे चली और आज़ाद की गोलियों से पुलिस के कई आदमी घायल हुए। जब उनके पास केवल एक गोली बची तब उसे उन्होंने स्वयं अपनी कनपटी पर दाग लिया और अमर होकर भारत माता की गोद में सदा के लिए सो गए।

1. चंद्रशेखर आज़ाद कहाँ बैठे थे?

______________________________

2. पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर चंद्रशेखर आज़ाद ने क्या किया?

______________________________

______________________________

3. चंद्रशेखर आज़ाद के पास जब अंतिम गोली बची तब उन्होंने क्या किया?

______________________________

______________________________

## III. पाठ के आधार पर चंद्रशेखर आज़ाद की संक्षिप्त जीवनी लिखो।

# 12. कदंब का पेड़

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

तुम्हें नहीं कुछ कहता पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्माँ ऊँचे पर चढ़ जाता।
वहीं बैठ फिर बड़े मजे से बाँसुरी बजाता,
अम्माँ-अम्माँ कह, बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता।

1. इन पंक्तियों के अर्थ लिखो।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

2. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) बाँसुरी ______________________________

______________________________

(ख) स्वर ______________________________

______________________________

**II. 'मेरी माँ' – इस विषय पर लगभग बीस शब्दों का अनुच्छेद लिखो।**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 13. काबुलीवाला

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

मेरी पाँच बरस की लड़की मिनी से बिना बोले घड़ीभर भी नहीं रहा जाता। एक दिन वह सवेरे-सवेरे ही बोली, "बाबू जी! रामदयाल दरबान है न, वह 'काक' को कौआ कहता है। वह कुछ जानता नहीं न, बाबू जी!" मेरे कुछ कहने से पहले ही उसने दूसरी बात छेड़ दी, "देखा बाबूजी, भोला कहता है – आकाश में हाथी सूँड़ से पानी फेंकता है, इसी से वर्षा होती है। भोला झूठ बोलता है, है न!" और फिर वह खेल में लग गई।

1. लेखक की बेटी का नाम क्या था और वह कितने वर्ष की थी?

2. 'काक' को कौआ कौन कहता था?

3. मिनी ने हाथी के बारे में क्या कहा था?

4. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो –

(क) आकाश ______ (ख) हाथी ______

(ग) लड़की ______ (घ) वर्षा ______

(ङ) पानी ______ (च) कौआ ______

5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) दरबान ______

(ख) आकाश ____________________

____________________

(ग) खेल ____________________

____________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

उसने अपने कुर्ते की ज़ेब में हाथ डालकर कागज़ का टुकड़ा निकाला। कागज़ के टुकड़े पर उसकी बेटी की तस्वीर थी। अपनी बेटी की इसी याद को छाती से लगाकर रहमत हर साल कलकत्ते (कोलकाता) के गली-कूचों में सौदा बेचने आता है।

यह देखकर मेरी आँखें भर आईं। सब कुछ भूलकर मैंने उसी समय मिनी को बाहर बुलाया। विवाह की पूरी पोशाक और गहने पहने मिनी, शर्म से सिकुड़ी, मेरे पास आकर खड़ी हो गई।

1. रहमत ने कुर्ते की ज़ेब से क्या निकाला?

____________________

____________________

2. रहमत कागज़ का टुकड़ा अपने पास क्यों रखता था?

____________________

____________________

3. लेखक ने किसे बुलाया और क्यों?

____________________

____________________

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बताओ –

(क) उसके कुर्ते की <u>ज़ेब</u> में कागज़ का टुकड़ा था। ____________

(ख) वह विवाह की <u>पोशाक</u> पहने हुए थी। ____________

(ग) <u>कागज़</u> के टुकड़े पर उसकी बेटी की तस्वीर थी। ____________

(घ) रहमत <u>सौदा</u> बेचा करता था। ____________

(ङ) मिनी ने <u>गहने</u> भी पहन रखे थे। ____________

(च) यह देखकर मेरी <u>आँखें</u> भर आईं। ____________

**III. निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखो –**

1. मैं सौदा बेचने नहीं जाऊँगा। ____________
2. रहमत, तुम जेल से कब छूटे? ____________
3. मिनी शर्म से सिकुड़ी हुई थी। ____________
4. उसने कागज़ का टुकड़ा दिखाया। ____________
5. क्या आपकी बेटी से मिल सकता हूँ? ____________
6. उसके बाद वह नहीं लौटा। ____________

**IV. रहमत अर्थात् काबुलीवाले का चरित्र तुम्हें कैसा लगा? वर्णन करो।**

# 14. भेड़ाघाट

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

शायद सन् 1914 की बात है, जब पहले–पहल भेड़ाघाट देखने का अवसर मिला। भेड़ाघाट जबलपुर से लगभग 13 मील ही तो है। मैंने सुन रखा था कि भेड़ाघाट में नर्मदा के दोनों किनारे संगमरमर के हैं। मेरे मन में भेड़ाघाट के दर्शन की प्रबल लालसा थी। यों तो नर्मदा अमरकंटक से निकली और मैं ग्वारीघाट तथा तिलवाड़ाघाट देख चुका था। ये दोनों जबलपुर से बहुत निकट पड़ते हैं किंतु भेड़ाघाट नहीं देखा था।

1. लेखक को भेड़ाघाट देखने का अवसर कब मिला था?

2. ग्वारीघाट किस शहर के समीप स्थित है?

3. निम्नलिखित क्रियाओं से वाक्य बनाओ –

(क) सुनना

(ख) देखना

(ग) मिलना

4. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण–विच्छेद करो –

(क) प्रबल

(ख) दर्शन

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

नर्मदा यहाँ से मीलभर ऊपर बहती हुई धुआँधार जल-प्रपात बनाती हुई नीचे गिरती है। नर्मदा के उस पावन स्थान के विषय में जब मैंने वहाँ खेलते हुए ग्रामीण बच्चों से पूछा कि इसे क्या कहते हैं तब कानों में बाले पहने और टोपी लगाए हुए एक फूले गालों वाले बच्चे ने बताया, "जा तो दूध-धारा आय।"

'दूध-धारा' कितना अच्छा नाम है! शायद यह नाम इसलिए पड़ा हो कि जब ज़ोर का घर्षण होता है तब पानी भी दूध जैसा दिखाई पड़ता है।

1. लेखक ने ग्रामीण बच्चों से किसके बारे में पूछा?

2. नर्मदा किस स्थल पर जल-प्रपात बनाती हुई नीचे गिरती है?

3. निम्नलिखित शब्दों से नये शब्द बनाओ –

(क) गाँव ____ (ख) स्थान ____

(ग) दूध ____ (घ) बच्चा ____

## III. मध्य प्रदेश के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

# 15. मेरी शिक्षा

**I.** इस पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखो।

**II.** डा. राजेंद्र प्रसाद के बारे में लगभग तीस शब्दों का अनुच्छेद लिखो।

# 16. कबीर के दोहे

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

काल्ह करै सो आज कर, आज करै सो अब्ब।
पल में परलै होयगी, बहुरि करैगा कब्ब।।

1. इस दोहे का अर्थ लिखो।

2. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय लिखो –

(क) अब्ब ____________ (ख) कब्ब ____________

(ग) होयगी ____________ (घ) बहुरि ____________

## II. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

1. बुरा

2. मन

3. छाया

## III. समयपालन क्यों ज़रूरी है? अपने विचार लिखो।

# 17. मौसी

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

उसे सब 'मौसी' कहकर पुकारते थे – बच्चे भी और बड़ी उम्र के लोग भी। किसी के घर बच्चा बीमार होता तो सबसे पहले मौसी को ही बुलाते। किसी के घर शादी होती तो वहाँ भी सबसे पहले मौसी ही पहुँचती। दिनभर मोहल्ले में कभी एक के घर, तो कभी दूसरे के घर, मौसी बैठी नज़र आती।

दोपहर होते-होते मौसी स्कूल के फाटक पर जा पहुँचती। छुट्टी की घंटी बजती और बच्चे भागते हुए बाहर निकलते। कोई लड़का उसके कंधे पर बस्ता डाल देता तो कोई उसके गले में। मोहल्ले के सभी बच्चे उसके साथ हो लेते थे।

1. मौसी दिनभर कहाँ-कहाँ नज़र आती थी?

_______________

2. स्कूल में छुट्टी की घंटी बजने पर क्या होता था?

_______________

_______________

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखो –

(क) मौसी _______________ (ख) बच्चा _______________

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) उम्र _______________

_______________

(ख) बीमार _______________

_______________

(ग) बस्ता _______________

_______________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

"अब मैं मर भी जाऊँ तो तुमलोगों को छोड़कर कहीं नहीं जाऊँगी!" कहकर मौसी ने तसल्ली दी, तब जाकर सबको चैन आया। इस तरह मौसी मोहल्ले में लौट आई, बच्चों ने उसे जाने ही नहीं दिया। फिर तो वह स्वयं भी कहने लगी, "अब मैं अपने बच्चों को छोड़कर कहीं नहीं जाऊँगी।"

बच्चों के उत्साह को देखकर बच्चों के घरवालों को भी मौसी की चिंता होने लगी। शीघ्र ही मौसी को रहने के लिए जगह मिल गई। हमारे स्कूल में ही हेडमास्टर जी ने उसे काम पर रख लिया। वहीं एक कोठरी भी रहने के लिए दे दी।

1. सब बच्चों को कब चैन आया?

_______________

_______________

2. स्कूल के हेडमास्टर जी ने क्या किया?

_______________

_______________

3. 'इत' जोड़कर नये शब्द बनाओ –

(क) उत्साह + इत = _______________

(ख) चिंता + इत = _______________

## III. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के शब्द-भेद लिखो –

1. मौसी अब <u>कहीं</u> नहीं जाएगी। _______________
2. किसी की <u>बीमारी</u> से भी मौसी परेशान हो जाती थी। _______________
3. मौसी के पास <u>छोटी-सी</u> गठरी थी। _______________
4. तुम <u>यहाँ</u> क्यों बैठी हो? _______________
5. <u>मौसी</u> पेड़ के नीचे बैठी थी। _______________
6. बच्चों ने खाट <u>उठाई</u>। _______________

# 18. मियाँ गुमसुम और बत्तोरानी

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

**बत्तोरानी** – तुम भी गुमसुम मियाँ! अब तुम्हें साँप सूँघ जाने का मतलब भी समझाऊँ? साँप सूँघ जाने का मतलब है, डर के मारे अचानक बोलती बंद हो जाना या डर के मारे सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाना।

**मियाँ गुमसुम** – सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाना! यह कौन-सी भाषा है? मैंने तो आज तक नहीं जाना कि सिट्टी-पिट्टी भी कोई चीज़ होती है जो गुम भी हो सकती है।

**बत्तोरानी** – मियाँ गुमसुम! ये सब मुहावरे हैं। मुहावरों में जब बात कही जाती है तब उसका अर्थ कही गई बात से अलग होता है ताकि उस बात का गहरा असर हो।

1. बत्तोरानी किनसे बातें कर रही थी?

___

2. मियाँ गुमसुम ने बत्तोरानी से क्या पूछा?

___

___

3. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखो –

(क) बोलती बंद हो जाना ___

(ख) सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाना ___

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) भाषा ___

___

(ख) गहरा ___

___

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

**बत्तोरानी** – ये तो तुमने पते की बात कह दी। वो तो मियाँ, मैंने तुम्हारी चुप्पी तोड़ने के लिए यों ही कहा था।

**मियाँ गुमसुम** – मेरी चुप्पी तोड़ने के लिए? और जो तुम्हारी जुबान चलती रहती है बेलगाम घोड़ी की तरह टक-टक, टक-टक।

**बत्तोरानी** – फिर शुरू कर दी बाल की खाल निकालनी। अरे, तुम्हारी आदत कब सुधरेगी मियाँ?

1. बत्तोरानी ने क्या तोड़ने की बात कही थी?

2. मियाँ गुमसुम ने बत्तोरानी की ज़ुबान के बारे में क्या कहा?

3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) बाल

(ख) चुप्पी

## III. तुम्हारे आसपास भी कुछ लोग ऐसे होंगे जो बातूनी अर्थात् बहुत बोलने वाले होंगे। उनमें से किसी एक व्यक्ति के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

# 19. जल ही जीवन है

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

कहा जाता है कि अति प्राचीनकाल में कुछ लोगों के पास अमृत होता था। उससे वे किसी भी मुर्दे को पुनः जीवित कर लेते थे। बाद में अनेक लोगों ने अमृत की खोज में अपना पूरा जीवन ही बिता दिया पर वह उन्हें नहीं मिला। वह मिलता भी कैसे? क्योंकि, ऐसी कोई वस्तु होती ही नहीं जिससे मृत व्यक्ति को जीवित किया जा सके। हाँ, एक वस्तु तो अमृत के तुल्य हो सकती है और जिसके बिना कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता। वह है पानी – साधारण पानी, जिसे हम हर दिन इस्तेमाल करते हैं।

1. लोगों ने किसकी खोज में अपना जीवन बिता दिया?

______________________________

______________________________

2. किसके बिना प्राणी जीवित नहीं रह सकता है?

______________________________

______________________________

______________________________

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो –

(क) अमृत ______________ (ख) दिन ______________

(ग) जीवित ______________ (घ) जीवन ______________

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ –

(क) मुर्दा ______________________________

______________________________

(ख) इस्तेमाल ______________________________

______________________________

(ग) साधारण ____________________

____________________

(घ) जीवन ____________________

____________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

पृथ्वी पर वायु हर जगह उपलब्ध है पर पानी पृथ्वी के लगभग तीन–चौथाई भाग में भरा हुआ है। सागर में पृथ्वी पर उपलब्ध कुल पानी का अधिकांश भाग भरा हुआ है। कुछ पानी ध्रुवीय प्रदेशों में बर्फ़ के रूप भी में जमा हुआ है। इन दोनों स्थानों के पानी का हम उपयोग नहीं कर पाते। सागर का पानी इतना खारा होता है कि उसे चाहकर भी नहीं पी सकते। अगर उसे पी भी लें तो उल्टियाँ लग जाएँगी। इसीलिए यह कहावत एकदम सही है कि भरे समंदर में आदमी प्यास से मर जाता है। वैसे समुद्री पानी से हम न तो भोजन पका सकते हैं, न ही कपड़े धो सकते हैं और न ही पेड़–पौधों की सिंचाई कर सकते हैं।

1. पृथ्वी के कितने भाग में पानी भरा है?

____________________

____________________

2. ध्रुवीय प्रदेश में पानी किस रूप में मिलता है?

____________________

____________________

3. समुद्र का पानी हम चाहकर भी नहीं पी सकते। ऐसा क्यों?

____________________

____________________

4. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो समानार्थी शब्द लिखो –

(क) पृथ्वी = ____________ ____________

(ख) पेड़ = ____________ ____________

(ग) कपड़ा = ____________ ____________

5. निम्नलिखित शब्दों से नये शब्द बनाओ –

(क) समुद्र ____________ (ख) ध्रुव ____________

(ग) सींचना ____________ (घ) देश ____________

(ङ) बर्फ़ ____________ (च) उपलब्ध ____________

**III. बादल जल बरसाता है लेकिन बादल के पास जल कहाँ से आता है? विज्ञान के अध्यापक/अध्यापिका से इसके बारे में जानकारी प्राप्त करो और अपने शब्दों में लिखो।**

**IV. जल का दुरुपयोग किस प्रकार रोका जा सकता है? सोचकर लिखो।**

# 20. झाँकी हिंदुस्तान की

**I.** इस कविता का अर्थ अपने शब्दों में लिखो।

**II.** 'हमारा प्यारा देश भारत' – इस विषय पर आठ पंक्तियाँ लिखो।

# अपठित बोध

**नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

मैं नदी हूँ। मेरा नाम गंगा है। मैं हिमालय से निकलकर तुमलोगों के पास आई हूँ। मेरी यात्रा जड़ी-बूटियों से भरे जंगलों के बीच में से होती है इसलिए मेरा जल गुणकारी होता है। मेरा जल सब नदियों के जल से पवित्र है। तभी तो तुम सब मेरी पूजा करते हो। लेकिन, आजकल मैं दुखी हूँ क्योंकि तुमलोग मेरे जल को गंदा करते जा रहे हो। कल-कारखानों से निकले दूषित पदार्थ भी तुम सब मेरे जल में ही मिला देते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता कि इन हरकतों की रोकथाम होनी चाहिए। यदि हाँ-तो आज से प्रण लो कि मुझे यानी अपनी 'गंगा मइया' को प्रदूषित नहीं करोगे।

1. इन पंक्तियों में किस नदी का वर्णन है?

2. गंगा नदी का जल गुणकारी क्यों होता है?

3. कल-कारखानों से निकले दूषित पदार्थ कहाँ मिला दिए जाते हैं?

4. हमें किस बात का प्रण लेना चाहिए?

5. 'प्रदूषित' में से उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखो।